आचार्य सुंदर सागर का ससंघ मालवीय नगर में मंगल प्रवेश

जयपुर: आचार्य सुंदर सागर के जैन मंदिर मालवीय नगर में मंगल प्रवेश पर स्वागत करने को खड़ी महिला मंडल की सदस्य।

जयपुर, 8 अप्रैल (ब्यूरो) आचार्य सुन्दर सागर एवं आचार्य शशांक सागर ससंघ का बुधवार को श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर, मालवीय नगर सेक्टर तीन में मंगल प्रवेश हुआ। विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि अग्रवाल फार्म से निकला विहार गायत्री नगर, दुर्गापुरा, जेएलएन मार्ग होते हुए पहुंचा, जहां समाज ने भव्य अगवानी की। महिला मंडल ने मंगल कलश से स्वागत किया, सीएल जैन ने पाद पक्षालन किया। धर्म सभा में आचार्यों ने युवाओं को धर्म क्षेत्र में दायित्व निभाने का संदेश दिया। गुरुवार को अणुविभा केंद्र में विश्व नवकार दिवस पर आचार्य के प्रवचन होंगे।

भक्ति में सजा महामंडल विधान

जयपुर, 8 अप्रैल (ब्यूरो): दिगंबर जैन नसियां भट्टारकजी में आचार्य वर्धमान सागर ससंघ के सानिध्य में प्रथमाचार्य शांति सागर महामंडल विधान का आयोजन अभिषेक भैया मनु के प्रतिष्ठाचार्यत्व में विधि विधान से हुआ। हितेंद्र सागर के मार्गदर्शन में मुनि के मुखारविंद से श्लोकों व मंत्रों का उच्चारण हुआ। आर्यिका संघ ने भी मधुर कंठ से स्तुति प्रस्तुत की। आयोजन में श्रद्धालुओं ने अनुशासन और भक्ति के साथ सहभागिता निभाई।

'प्रशिक्षित और संवेदनशील मानव संसाधन आतिथ्य उद्योग की रीढ़'

स्वर्ण जयंती पर सजा 'उत्कर्ष'- कौशल, संस्कृति और सम्मान का दिखा संगम

जयपुर, 8 अप्रैल (ब्यूरो): होटल प्रबंधन संस्थान, बनीपार्क में स्वर्ण जयंती वार्षिकोत्सव उत्कर्ष उत्कृष्टता के 50 वर्ष सधे प्रोटोकॉल, सांस्कृतिक गरिमा और अनुशासन के साथ संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि पर्यटन आयुक्त रूकमणी रियाड़ को प्रोटोकॉल टीम ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। रूकमणी रियाड़ ने कहा कि आतिथ्य उद्योग की रीढ़ प्रशिक्षित और संवेदनशील मानव संसाधन है, ऐसे संस्थान इस आवश्यकता को निरंतर पूरा कर रहे हैं।

प्राचार्या निमिषा सेठ ने स्टेट ऑफ द इंस्टीट्यूट प्रस्तुति में 50 वर्ष की यात्रा, शैक्षणिक नवाचार, उद्योग से जुड़ाव और विद्यार्थियों की उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए फ्यूचर ऑफ ब्रिलियंस रोडमैप साझा किया। उन्होंने कौशल उन्नयन और व्यवहारिक दक्षता को समय की मांग बताया।

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में रिबन डांस ने अनुकूलन का संदेश दिया, जबकि योगा डेमोंस्ट्रेशन ने संतुलन और सजगता को दर्शाया। क्लब सरगम की द रिद्म ऑफ प्राइड प्रस्तुति में टीमवर्क की झलक दिखी। समारोह में विभिन्न वर्गों के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया और स्टूडेंट ऑफ द ईयर स्वर्ण जयंती प्रतिष्ठा पुरस्कार की घोषणा आकर्षण रही। अंत में मेराकी स्मारिका का लोकार्पण हुआ, जिससे कार्यक्रम प्रेरणादायक समापन तक पहुंचा।

क्विक रीड

अनूप जलोटा की भजन संध्या 17 को

जयपुर, (ब्यूरो): गुलाबी नगरी में 17 अप्रैल को भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा, जब गुप्त वृंदावन धाम की ओर से भजन सम्राट अनूप जलोटा की भजन संध्या आयोजित होगी। कार्यक्रम दीप स्मृति ऑडिटोरियम, मानसरोवर में सायं 7 बजे से 10 बजे तक होगा। अनूप जलोटा अपने सुप्रसिद्ध भजनों से भगवान कृष्ण का गुणगान करेंगे। आयोजकों के अनुसार यह संध्या आध्यात्मिक ऊर्जा से भरपूर होगी, जिसमें श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर होंगे। मंदिर प्रबंधन ने अधिकाधिक लोगों से सहभागिता का आह्वान किया है।

प्रतापनगर शाखा को उत्कृष्ट सेवा कार्यों पर मिला सर्वोच्च सम्मान

जयपुर, (ब्यूरो):अयोध्या तीर्थ स्थित ऋषभदेव भगवान जन्मस्थली पर आयोजित अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन युवा परिषद के 50वें राष्ट्रीय स्वर्ण जयंती महोत्सव में ज्ञानमती माताजी के सानिध्य में जयपुर प्रतापनगर शाखा को उत्कृष्ट सामाजिक कार्यों के लिए प्रथम पुरस्कार मिला। अध्यक्ष अनिल अल्का पाटनी, संरक्षक राजकुमार कनक सेठी, प्रदीप रानू काला, मीनाक्षी पाटनी, ज्ञानचंद स्नेहलता जैन, कमलेश अरुणा पाटनी, विजय नलिनी कटारिया, विपिन शिवानी कटारिया ने सम्मान ग्रहण किया। गुरुमां ज्ञानमती ने सेवा कार्य निरंतर बढ़ाने का संकल्प दिलाया।

18 को सजेगी दिलकश गीतों की सांझ 'गुजरा हुआ जमाना'

जयपुर, (ब्यूरो): महाराणा प्रताप ऑडिटोरियम में 18 अप्रैल को शाम 6:30 बजे से दिलकश गीतों की सांझ गुजरा हुआ जमाना सजेगी। कार्यक्रम की परिकल्पना डॉ. प्रकाश छबलानी ने की है, जिसमें 1990 से पूर्व के सुपरहिट गीतों और इसके बाद के लोकप्रिय गीतों का संगम प्रस्तुत किया जाएगा। यह संध्या संगीत प्रेमियों को यादों की सुरीली यात्रा पर ले जाएगी। प्रस्तुति में प्रो.डॉ. सुमन यादव, संजय रायजादा, सुमंत मुखर्जी, ममता झा, सोनिया बिरला, सुप्रिया केसवानी, के के, रजनी ठाकोर, विक्रम सिंह, सुनील शर्मा, यशवर्धन सिंह, गरिमा वर्मा और डॉ. बबीता अपनी मधुर आवाज से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम में प्रवेश निःशुल्क रहेगा।

वाम दलों ने किया पं. रामकिशन का सम्मान

जयपुर, (ब्यूरो): राजस्थान के वामपंथी दलों ने पंडित रामकिशन के 101वें वर्ष में प्रवेश पर कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी दफ्तर में उनका सम्मान किया। इस अवसर पर सीपीएम और सीपीआई के पदाधिकारियों ने पंडितजी को दुशाला पहनाकर सम्मानित किया। सीपीएम से तारासिंह संधू, प्रो.वासुदेव और सीपीआई से रविंद्र शुक्ला ने पंडित रामकिशन की पुस्तक 'मैं जिंदा हूं' की प्रतियों पर हस्ताक्षर भी लिए। पंडित रामकिशन ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि बचपन में ही उन्होंने सामाजिक समता का संदेश अपनाया। तारासिंह ने उनके सादगीपूर्ण जीवन की चर्चा की। पंडित रामकिशन ने नैतिक मूल्यों और समता के प्रति प्रतिबद्धता पर बल देते हुए वामपंथी विचारधारा की सराहना की। कार्यक्रम में सुमित्रा चौपड़ा, निशा सिधु, रेणु, बाबूलाल लुगड़िया, विजय, रचना शुक्ला, रिया त्रिपाठी और रेशु शर्मा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

नारी जागरण अभियान से गायत्री परिवार बदलेगा समाज

शताब्दी अनुयाज गोष्ठी में युवा, शिक्षा और सेवा गतिविधियों का खाका तैयार

जयपुर, 8 अप्रैल (ब्यूरो): अखिल विश्व गायत्री परिवार के शताब्दी समारोह के प्रथम चरण के बाद संगठन अब क्रियान्वयन के दौर में प्रवेश कर चुका है। अनुयाज गोष्ठियों के माध्यम से प्रदेशभर में नारी जागरण अभियान, युवा सम्मेलन, शिक्षक सम्मेलन और नशा मुक्ति कार्यक्रमों की व्यापक रूपरेखा तय की जा रही है।

गायत्री परिवार प्रमुख शैलबाला पंड्या ने कार्यकर्ताओं को निर्देशित करते हुए कहा कि शताब्दी समारोह के दौरान प्राप्त केंद्रीय मार्गदर्शन को धरातल पर उतारना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक आयोजन ने जनमानस पर गहरी छाप छोड़ी है, जिसे स्थाई प्रभाव में बदलने के लिए समर्पण भाव से कार्य करना होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं की कर्तव्यनिष्ठा की सराहना करते हुए कहा कि प्रज्ञापुत्र बनकर किया गया कार्य युग निर्माण की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होगा।

गायत्री परिवार राजस्थान के मुख्य ट्रस्टी ओमप्रकाश अग्रवाल ने बताया कि केंद्रीय प्रतिनिधि विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर बैठकों के जरिए आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा को अंतिम रूप दे रहे हैं। जिला और उपजोन स्तर पर शताब्दी संकल्प समीक्षा कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी, जिनमें अब तक के कार्यों की समीक्षा और अनुयाज कार्यक्रमों के क्रियात्मक पक्षों पर विस्तार से चर्चा होगी।

संकल्पों को साकार करने का समय : शांतिकुंज हरिद्वार से जुड़े समन्वयक गौरीशंकर सैनी ने कहा कि यह समय केवल उत्सव मनाने का नहीं, बल्कि संकल्पों को साकार करने का है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे अपने क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाते हुए समाज में सकारात्मक परिवर्तन के वाहक बनें।

झोटवाड़ा ने लिया संगठन विस्तार का संकल्प

झोटवाड़ा में आयोजित गोष्ठी में संगठन विस्तार और जनजागरण गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा हुई। गोष्ठी में जयपुर उपजोन समन्वयक सुशील कुमार शर्मा, गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी के सह व्यवस्थापक मणिशंकर पाटीदार, प्रहलाद शर्मा और राजेश शर्मा ने मार्गदर्शन दिया। बैठक में नव चेतना केंद्र स्थापित करने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया, जिसका संचालन वासुदेवपुरी से किया जाएगा। आगामी एक माह में आसपास के क्षेत्रों में 10 मंडलों के गठन का लक्ष्य तय किया गया है। केंद्र के संचालन के लिए 11 सदस्यीय समिति और व्यवस्था के लिए 4 सदस्यीय टीम बनाई गई, जिसमें योगिता शर्मा, नीतू शर्मा, कामिनी शर्मा और विजय लक्ष्मी शर्मा को जिम्मेदारी सौंपी गई।

हर सप्ताह होगी गोष्ठी : निर्णय लिया गया कि प्रत्येक गुरुवार को साप्ताहिक गोष्ठी आयोजित होगी। साथ ही पंचकुंडीय यज्ञों की श्रृंखला, नारी जागरण सम्मेलन और नशा मुक्ति अभियान के जरिए समाज में जागरूकता बढ़ाई जाएगी। यह पहल संगठन के संकल्पों को साकार कर सामाजिक परिवर्तन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

'नाईन डॉट स्क्वायर' एग्जीबिशन का चौथा संस्करण 10 से आरआईसी में

जयपुर, 8 अप्रैल (ब्यूरो): राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में 'नाईन डॉट स्क्वायर' एग्जीबिशन का चौथा संस्करण 10 से 12 अप्रैल तक आयोजित होगा।

उद्घाटन 10 अप्रैल को सुबह 11:30 बजे उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी करेंगी। फाउंडर व क्यूरेटर रितु खंडेलवाल और फाउंडर प्रमोटर रमेश अग्रवाल ने बताया कि उद्देश्य उभरते डिजाइनरों को मंच देना और पारंपरिक शिल्प को आधुनिक डिजाइन से जोड़ना है। को क्यूरेटर सगुना वाधवा और फाउंडर प्रमोटर शालिनी अग्रवाल ने कहा कि प्रदर्शनी में हैंडक्राफ्टेड लक्जरी फर्नीचर, मेटल रिपोस पैनल, ऐलकोहॉल इंक आर्ट, ऑयल कैनवास, मार्बल इनले वर्क और ठिकड़ी शैली से प्रेरित कलाकृतियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी।

विजिटर्स के लिए आर्ट थैरेपी गतिविधियां और वर्कशॉप्स भी होंगी, जिससे कला के प्रति जुड़ाव बढ़ेगा।

इंडस्ट्री-इंस्टीट्यूट कॉन्क्लेव से शिक्षा और उद्योग के बीच बढ़ेगा समन्वय

150 से अधिक सीईओ और शिक्षाविद होंगे शामिल

जयपुर, 8 अप्रैल (ब्यूरो): मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में 10 अप्रैल को इंडस्ट्री-इंस्टीट्यूट कॉन्क्लेव-2026 आयोजित होगा। यह आयोजन पहली बार हो रहा है, जिसे संस्थान आगे वार्षिक स्वरूप देने की दिशा में अग्रसर है। निदेशक प्रो. एनपी पाढ़ी ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षा और उद्योग के बीच समन्वय बढ़ाकर विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान से जोड़ना है, जिससे 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्यों को गति मिल सके।

इन कंपनियों के सीईओ होंगे शामिल : कॉन्क्लेव में वोल्वो ग्रुप, ओरेकल, इंफोसिस, गूगल, जिंदल स्टील एंड पावर, एडोबी, जेपी मॉर्गन चेज़, बॉश, टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स, अपोलो टायर्स, एप्लाइड मैटेरियल्स, डिफेंस मेटलर्जिकल रिसर्च लैबोरेटरी, जीनस पावर इंफ्रास्ट्रक्चर्स, राजस्थान सोलर एसोसिएशन, बार्कलेज, न्यूक्लियर फ्यूल कॉम्प्लेक्स, भारतीय वायु सेना, श्रीराम पिस्टन्स एंड रिंग्स, नोकिया, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड, सैमसंग, ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉर्पोरेशन, रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड, हनीवेल और हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड सहित 150 से अधिक उद्योगों के प्रतिनिधि भाग लेंगे।

चीफ सेक्रेटरी करेंगे कार्यक्रम का उद्घाटन

मुख्य अतिथि के रूप में वी. श्रीनिवासन, मुख्य सचिव, राजस्थान उद्घाटन करेंगे। आईआईटी दिल्ली, आईआईटी धनबाद, एनआईटी दुर्गापुर के निदेशक और एमआईटी-एडीटी विश्वविद्यालय के प्रो-चांसलर सहित कई शिक्षाविद मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में दो सत्रों में पैनल चर्चा, विभागीय संवाद, संयुक्त शोध संभावनाओं पर विचार-विमर्श तथा छात्रों के प्रोजेक्ट, पोस्टर और प्रोटोटाइप प्रदर्शनी आयोजित होगी।

सांस्कृतिक संध्या में विश्व मोहन भट्ट की प्रस्तुति आकर्षण रहेगी। समापन पर उत्कृष्ट परियोजनाओं को सम्मानित किया जाएगा। यह कॉन्क्लेव शिक्षा और उद्योग के बीच सेतु बनकर नवाचार और ज्ञान के आदान-प्रदान को नई दिशा देगा।

अवकाश कटौती पर शिक्षकों का विरोध

जयपुर: एसडीएम को ज्ञापन सौंपते अध्यापक संगठन के पदाधिकारी।

जयपुर, 8 अप्रैल (ब्यूरो): राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम के बैनर तले शिक्षकों ने शिविरा पंचांग 2026-27 में ग्रीष्मावकाश कटौती के विरोध में आमेर, हवामहल, सांगानेर सहित विभिन्न उपखंड अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा।

प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष नवीन कुमार शर्मा ने कहा कि भीषण गर्मी को देखते हुए जून में विद्यालय खोलना अव्यावहारिक है। जिलाध्यक्ष कुलदीप सिंह ने बिना नियम अवकाश कटौती को अनुचित बताया। प्रदेश प्रवक्ता मुकेश मीणा ने गैर शैक्षणिक कार्यों में शिक्षकों की ड्यूटी का विरोध किया। महिला सह संगठन मंत्री सुरेखा यादव ने चेतावनी दी कि आदेश वापस नहीं हुआ तो आंदोलन तेज होगा। 20 अप्रैल को जिला स्तर पर प्रदर्शन और 18 मई को रामगंजमंडी में रैली की घोषणा की गई।

राज्यपाल के समक्ष विकास के प्रस्ताव रखे

जयपुर: जगद्गुरु रामानंदाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो.मदनमोहन झा ने राजभवन में कुलाधिपति एवं राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े से शिष्टाचार भेंट कर विश्वविद्यालय के विकास और संस्कृत शिक्षा के उन्नयन पर विस्तृत चर्चा की।

श्रीपरशुराम जन्मोत्सव के लिए गणेजी को दिया प्रथम निमंत्रण

जयपुर, 8 अप्रैल (ब्यूरो): सकल ब्राह्मण समाज ने अंतरराष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ के संयोजन में 19 अप्रैल को विद्याधरनगर सेक्टर चार स्थित परशुराम भवन में होने वाले भगवान परशुराम जन्मोत्सव के लिए मोती डूंगरी गणेशजी को प्रथम निमंत्रण अर्पित किया।

इस अवसर पर जन्मोत्सव के पोस्टर का विमोचन भी किया गया। हिंदू धर्म सभा के जयपुर जिला अध्यक्ष पकंज शर्मा ने कहा कि यह आयोजन समाज में एकता और संस्कृति को सशक्त करेगा। कार्यक्रम में राजेंद्र शर्मा, मुरारी लाल शर्मा, राजेश कौशिक, अंकित शर्मा, मोनू शर्मा, नाथू बागड़ा और सुनील दत्त शर्मा उपस्थित रहे। आयोजन को लेकर समाज में उत्साह है।

एनआईए से विदाई लेते हुए भावुक

जयपुर, 8 अप्रैल (ब्यूरो):राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में पीजी बैच 2022-23 के चिकित्सकों के लिए स्नातकोत्तर दीक्षांत एवं विदाई समारोह आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि प्रो. संजीव शर्मा ने कहा कि आयुर्वेद वैश्विक स्तर पर पहचान बना रहा है, इसमें युवा चिकित्सकों की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने ज्ञान, सेवा और शोध से समाज के स्वास्थ्य संवर्धन का संदेश दिया। समारोह में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं और अनुभव साझा किए, जिससे माहौल भावुक बना। डीन पीजी प्रो.गोपेश मंगल ने विद्यार्थियों को कुशल और संवेदनशील चिकित्सक बनने की प्रेरणा दी। सभी पीजी विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

आम सूचना सिन्धु नगर कोआपरेटिव हाउसिंग सोसायटी लि. का प्लॉट नं. 15 (माप 540.55 वर्गगज) घनश्याम विहार, पांच्यावाला जयपुर को कपिल एस.गुप्ता, मुम्बई ने अपने स्वामित्व की सम्पत्ति बताते हुए मेरे अभिभाष्य अमनदीप सिंह को विक्रय करने का प्रस्ताव किया है। जिसके बेचान के विरूद्ध किसी को आपत्ति हो तो सप्रमाण आपत्ति सात दिवस में प्रस्तुत करें। बाद गुजरने मियाद कोई आपत्ति/क्लेम स्वीकार्य नहीं होगा।
ह./- अशोक देवानी, अधिवक्ता मोबाइल-9829064041

पश्चिम मध्य रेल
कैटलॉग न. : Park-SGAC-SWM, अनुबंध का प्रकार : पार्किंग (मिक्स) (1) सोगरिया स्टेशन PF/1 (2) सवाई माधोपुर PF/4 -की तरफ, ई-नीलामी की तिथि एवं समय : दि. 17.04.2026- (शुक्रवार) समय -12.00 बजे से 12.40 बजे तक, कैटलॉग की विस्तृत जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है ।
(हस्ता.)
वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक
पश्चिम मध्य रेल, कोटा
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

विरासत संरक्षण संकल्प सभा आज

जयपुर, 8 अप्रैल (ब्यूरो) :आचार्य वर्धमान सागर ससंघ के सानिध्य में भट्टारकजी की नसिया में गुरुवार, 9 अप्रैल को प्राचीन जिनालयों के संरक्षण को लेकर विचार गोष्ठी और संकल्प सभा होगी। प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि आचार्य ने जिनालयों के संरक्षण और संवर्धन को समय की आवश्यकता बताया। उन्होंने कहा कि विरासत बचाने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी हैं। इसके बाद शुक्रवार को आचार्य का श्यामनगर स्थित आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में भव्य मंगल प्रवेश होगा, जिससे श्रद्धालुओं में उत्साह है।

कार्यालय नगर परिषद, सवाई माधोपुर-राज.
Mail Id: swmnagarpalika@yahoo.com Ph. No-: 07462-220515
क्रमांक-न.प.स.मा. / राजस्व शा० / 2026-27 / 179 दिनांक-06.04.2026
कार्यालय आदेश
अल्पकालीन ठेका सब्जी मंडी मानटाउन व ठेका सब्जी मंडी शहर वर्ष 2026-27 हेतु नीलामी सूचना क्रमांक 17300 दिनांक 27.03.2026 को अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया जाता है तथा उक्त ठेका नीलामी आगामी दिनांक 10.04.2026 को समय 11.00 ए.एम. बजे परिषद कार्यालय में की जावेगी।
राज.संवाद/बी/26/429 आयुक्त

Government of Rajasthan
Directorate, Fisheries
Pashudhan Bhavan, Tonk Road, Jaipur Rajasthan- 302015
Tel : 0141-2745976 (O) Fax : 0141-2743330
E-mail: dffishraj@rediffmail.com
No. F.3(19)seed/Farm-Hatchary/2020-21/03 Date : 02.04.26
Request for expression of interest
Bids in sealed envelopes are invited for leasing "Restoration, Operation and Management of 08 Government Fish Seed farms "through a cluster based approach for a period of 10 years from Interested bidders upto dated 27.04.2026 at 3.00 P.M. . Estimated Reserve price for 2 Clusters will be INR 09.00 Lakh Annually. Other particulars of the bid may be visited on website https://sppp.rajasthan.gov.in and www.fisheries.rajasthan.gov.in.
Sign./- Director
DIPR/C/6542/2026 Fisheries Department, Rajasthan, Jaipur

सिनेमा ऑफ द ईयर इंडियन सिनेमा अवॉर्ड्स 2025 नामांकन की घोषणा

उत्कृष्ट फिल्मों और कलाकारों और विजेताओं की घोषणा शीघ्र

जयपुर, 8 अप्रैल (ब्यूरो): जयपुर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल और न्यू दिल्ली फिल्म फेस्टिवल द्वारा प्रस्तुत सिनेमा ऑफ द ईयर, इंडियन सिनेमा अवॉर्ड्स 2025 के आधिकारिक नामांकन घोषित कर दिए गए हैं। यह चयन वर्ष 2025 में रिलीज हुई हिंदी फिल्मों में से किया गया है, जिसमें विविधता और रचनात्मकता की झलक साफ दिखाई देती है।

प्रवक्ता नितिन शर्मा ने बताया कि पुरस्कार प्रक्रिया पूरी तरह लोकतांत्रिक, पारदर्शी और उच्च मानकों पर आधारित है। चयन के लिए गठित ज्यूरी में तीन फिल्म इंडस्ट्री प्रोफेशनल्स, एक एआई सिस्टम तथा आयोजन समिति का एक प्रतिनिधि शामिल है। सर्वश्रेष्ठ फिल्म श्रेणी में महावीर नरसिम्हा, धुरंधर, हक, ह्यूमन्स इन द लूप, जुगनुमा द फेबल, द मेहता बॉयज और मेट्रो इन डिनो जैसी फिल्मों को नामांकित किया गया है।

संस्थापक निदेशक हनु रोज ने कहा कि यह सूची भारतीय सिनेमा की समकालीन सोच और रचनात्मक प्रयोगों को दर्शाती है। निर्देशन, अभिनय, लेखन, संगीत, छायांकन और संपादन सहित कई तकनीकी श्रेणियों में भी प्रमुख कलाकारों को स्थान मिला है। उन्होंने बताया कि इन पुरस्कारों के माध्यम से उत्कृष्ट कार्य करने वाले रचनाकारों को सम्मानित करने का प्रयास किया जा रहा है। विजेताओं की घोषणा शीघ्र होगी, जिससे सिनेमा जगत में उत्सुकता बनी हुई है।

बाल कलाकारों की अद्भुत प्रस्तुतियों से सजा जेकेके

33वें स्थापना दिवस पर लोक संस्कृति की फैली महक

जयपुर, 8 अप्रैल (ब्यूरो): जवाहर कला केंद्र के 33वें स्थापना दिवस पर आयोजित तीन दिवसीय समारोह के पहले दिन बाल लोक कलाकारों ने रंगायन सभागार में शानदार प्रस्तुतियां देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में गुरु शिष्य परंपरा के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रदेश के विभिन्न अंचलों के कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया।

कला एवं संस्कृति विभाग की संयुक्त सचिव एवं अतिरिक्त महानिदेशक अनुराधा गोगिया ने बताया कि इस बार नवाचार के रूप में बाल कलाकारों को मंच प्रदान किया गया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से नई पीढ़ी में संस्कृति के प्रति जुड़ाव मजबूत होता है और लोक परंपराओं को आगे बढ़ाने की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम का शुभारंभ बाल कलाकारों द्वारा उत्साहपूर्ण प्रस्तुतियों के साथ हुआ। डांडी गैर, शेखावाटी चंग, पारंपरिक मांगलिक गीत एवं नृत्य ने सभागार को जीवंत बना दिया। लंगा समूह के सादिक खान लंगा ने 'गजानंद जी आवो', 'चैरा री माखी', 'चरखो', 'जीवडो' और 'धोरा वालो देश' जैसे लोकगीतों की सुमधुर प्रस्तुति दी, जिससे पूरा वातावरण सुरमयी हो उठा।

इसके बाद सुश्री कृष्णा मालीकर के नेतृत्व में बाल कलाकारों ने पारंपरिक चरी नृत्य प्रस्तुत किया। सिर पर जलती चरी रखकर संतुलन और सौंदर्य के साथ किया गया यह नृत्य दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। शेखावाटी क्षेत्र के प्रसिद्ध चंग नृत्य में बनवारी एवं उनके दल ने चंग और ढप की थाप पर जोशपूर्ण प्रस्तुति दी, जिसमें लोक जीवन की ऊर्जा और रंग स्पष्ट रूप से झलकते नजर आए।

कार्यक्रम की अंतिम प्रस्तुति बालोतरा के दिनेश एवं उनके समूह द्वारा दी गई। ढोल थाली की मधुर ध्वनि पर आधारित 'घेरा', 'सठिया' और मनमोहक मारवाड़ी घूमर ने समापन को भव्य बना दिया। दर्शकों ने तालियों की गूंज से कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। बाल कलाकारों में लोक परंपराओं के प्रति गहरी समझ और समर्पण से भविष्य में सांस्कृतिक विरासत को सशक्त बनाए रखने की झलक दिखाई दी । 9 अप्रैल को मुजफ्फर रहमान एवं उनके 14 सदस्यीय समूह की विशेष प्रस्तुति आयोजित होगी, जो श्रोताओं को अनूठा संगीत अनुभव प्रदान करेगी।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda
क्षेत्रीय समायोजन आस्ति वसूली शाखा, बड़ौदा भवन
द्वितीय मंजिल, 13 एयरपोर्ट प्लाज़ा, दुर्गापुरा, टोंक रोड, जयपुर-302018
फोन: 0141-2727166, ई-मेल: armjai@bankofbaroda.bank.in
अचल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस "परिशिष्ट-IV क" (नियम 8(6) का परन्तुक देखें)
प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस।
ऋण लेनों को तथा विशेष रूप से ऋण लेने वाले, गिरवी रखने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवीकृत/प्रभारित है, का कब्जा बैंक ऑफ बड़ौदा, प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, नीचे दिये गये खाते में बकाया की वसूली के लिए बैंक ऑफ बड़ौदा, प्रतिभूत लेनदार द्वारा "जहां है, जैसी है और जो कुछ भी है" के आधार पर निम्नवर्णित विवरण के बेचा जाएगा। प्रत्याभूति-ऋण का विवरण, गिरवी रखने वाले, गारन्टर, सुरक्षित सम्पत्ति, बकाया, आरक्षित मूल्य, ई-नीलामी की दिनांक व समय, अग्रिम धन राशि एवं बोली वृद्धि राशि का विवरण निम्न तालिका अनुसार होगा।

क्र. सं.	ऋणियों / जमानतदारों / बंधककर्ताओं के नाम एवं पते	प्राप्त ऋणभार यदि कोई हो, के साथ अचल संपत्तियों का संक्षिप्त विवरण	मांग सूचना के अनुसार कुल बकाया	ई-नीलामी दिनांक / ई-नीलामी का समय	आरक्षित मूल्य / जमा धरोहर राशि (ईएमडी) एवं बोली वृद्धि राशि	कब्जे की स्थिति (सांकेतिक / वास्तविक)	सम्पत्ति निरीक्षण की दिनांक व समय
1.	मैसर्स साम्भी इन्टरप्राइजेस प्रोपाईटर श्री प्रकाश नाहर पुत्र श्री पन्ना लाल नाहर, यू-29, लक्ष्मी विहार कालवा पुरा, स्कीम फार्म, जयपुर (राजस्थान) 302006 श्री प्रकाश नाहर पुत्र श्री पन्ना लाल नाहर (प्रोपाईटर) 42, इंद्रप्रस्थ कॉलोनी, राम नगर विस्तार, मोडावाला, जयपुर राजस्थान 302019	आवासीय संपत्ति जो फ्लैट नंबर 506 चौथी मंजिल, चार अपार्टमेंट, फ्लैट नंबर 56, 57 और 58, वासुपूज्य विहार-टी ब्लाक श्रीनाथपुरा, तहसील सांगानेर जयपुर राजस्थान 302029 में स्थित जिसका बिल्टअप एरिया 1185 वर्गफीट है। फ्लैट की सीमाएं- पूर्व- सीमेन्ट, पश्चिम- आममान की ओर खुला, उत्तर- फ्लैट नंबर 505, दक्षिण- फ्लैट नंबर 507	सम्पत्ति 9028513/- दिनांक 05.04.2026 तक बकाया + ब्याज, लागतें, प्रभार एवं अन्य वसूली खर्चे इत्यादि	05-05-2026 दोपहर 02.00 बजे से सांय 06.00 बजे तक (प्रत्येक 10 मिनट की अतीरिक्त समयवृद्धि के साथ)	आरक्षित मूल्य रूपये 32,65,000/- धरोहर राशि रूपये 3,26,500/- बोली वृद्धि राशि- रूपये 10,000/-	भौतिक	04.05.2026 प्रातः 11:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक ईएमडी जमा करने की अंतिम तारीख: 05.05.2026

किसी भी प्रश्न के लिए संपर्क नंबर: 8291336110 और ईमेल आईडी- support.baanknet@psballiance.com
विक्रय के निबंधन और शर्तों के ब्यौरे के लिए कृपया नीचे दिए गए वेबसाइट अर्थात https://bankofbaroda.bank.in/e-auction एवं https://baanknet.com को देखें। इसके अलावा संभावित बोलीदाता प्राधिकृत अधिकारी से फोन नंबर 0141-2727166 मो. 9116014474 पर संपर्क कर सकते है।
दिनांक: 08.04.2026 स्थान: जयपुर
प्राधिकृत अधिकारी, ब